MP BIRLA GROUP

# Birla Cable Limited

Regd. Office & Works:
Udyog Vihar, P.O.Chorhata, ,Rewa-486 006 Madhya Pradesh, India
Telephone: +91 7662 400580, Fax: +91 7662 400680
Email: headoffice@birlacable.com; Website: www.birlacable.com
PAN No. AABCB1380L CIN: L31300MP1992PLC00719
GSTIN: 23AABCB1380L1ZW

BCL/CS/2022-23/Reg.47 | 11 FEB 2023

BSE Ltd.
Corporate Relationship Department
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building
P.J.Towers, Dalal Street,
Fort,
**MUMBAI-400 001**

**Company's Scrip Code: 500060**

The Manager,
Listing Department,
The National Stock Exchange of India Ltd,
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E),
**MUMBAI-400 051**

**Company's Scrip Code: BIRLACABLE**

Dear Sir,

**Sub: Newspaper Advertisement – Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and nine months ended on 31st December, 2022**

Pursuant to Regulation 47 and Regulation 30 read with Schedule III of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of the Newspaper Advertisements of the Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended on 31st December, 2022 published in Newspapers viz. – Financial Express (in English) and Dainik Jagran (in Hindi) on 11th February, 2023.

We request you to kindly take the above on record and oblige.

Thanking you,

Yours faithfully,
for Birla Cable Ltd.

Digitally signed by SOMESH LADDHA
Date: 2023.02.11 09:55:29 +05'30'

(Somesh Laddha)
Company Secretary

Encl: As above.

MANAGEMENT SYSTEM CERTIFICATION
DNV·GL
ISO 9001 ISO 14001
OHSAS 18001

# अकाउंटेंट ने सीएमएचओ और पूर्व लेखापाल पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

## कहा-बायोवेस्ट, साफ सफाई सहित अन्य का भुगतान करने का बना रहे अनैतिक दबाव



जागरण, रीवा

जिले का मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय इन दिनों अखाड़े का केन्द्र बन चुका है। जिले में दो स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ होने का दावा प्रस्तुत कर रहे हैं। इनकी लड़ाई में अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि कर्मचारियों ने अब सीएमएचओ और पूर्व लेखापाल पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाना शुरू कर दिया है और कार्य करने वाली संस्थाओं को भुगतान कराने का अनैतिक दबाव बनाने का भी आरोप लगाया गया है। इतना ही नहीं एक कर्मचारी ने तो सोशल मीडिया में पत्र भी वायरल कर दिया है। वायरल पत्र की चर्चा दिन भर लोगों की जुबान पर बनी रही।

### अवकाश पर रहा, तब भी दी गई नोटिस

एकाउंटेंट सुनील पटेल ने कहा कि उसके बहन की शादी थी और अब उसकी होने जा रही है। इसके लिए उसके द्वारा अवकाश लिया गया था। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को उसके द्वारा सूचित भी किया गया था। बावजूद इसके उसे बर्खास्त करने को नोटिस दी जा रही है। यह सब दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है।

### लाखों रूपये का भुगतान रुका

सीएमएचओ कार्यालय में अकाउंटेंट के पद पर पदस्थ सुनील पटेल ने आरोप लगाया है कि उस पर भुगतान करने का अनैतिक दबाव बनाया जा रहा है। करीब एक वर्ष से लाखों रूपये के भुगतान पेंडिंग में है। बायोवेस्ट का काम करने वाली इंडो वाटर मैनेजमेंट जो सतना जिले की संस्था है। ब्लाकों में मरीजों को भोजन देने वाली संस्था के करीब 14 लाख, इसी तरह से साफ-सफाई का काम करने वाली संस्था के भी लाखों रूपये के भुगतान करीब एक वर्ष से रुके हुए हैं। इन संस्थाओं को करीब 50 लाख रूपये भुगतान किया जाना है। इसके लिए सीएमएचओ डॉ बीएल मिश्रा और पूर्व लेखापाल संतोष तिवारी पर एकाउंटेंट सुनील पटेल ने गंभीर आरोप लगाये हैं और इस बावत पत्र भी सोशल मीडिया में वायरल किया है। अकाउंटेंट श्री पटेल का कहना है कि उसे बर्खास्त करने एवं निलंबित करने की धमकिया दी जा रही हैं। इतना ही नहीं, उससे जुड़े अन्य कर्मचारियों को भी धमकाने का कार्य डॉ बीएल मिश्रा और पूर्व लेखापाल संतोष तिवारी द्वारा किया जा रहा है।

## इटौरा में इलेक्ट्रो होम्यो क्लीनिक का शुभारंभ

रीवा। शहर के इटौरा बायपास बस्ती में सृष्टि इलेक्ट्रो होम्योपैथी क्लीनिक का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएसपी गायत्री तिवारी ने फीता काटकर किया। अध्यक्षता मानस मंडल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ इलेक्ट्रो चिकित्सक डॉ. आरके आर्य, वरिष्ठ साहित्यकार प्रमोद वत्स, प्रांतीय कलाकार संघ के संयोजक राजेश शुक्ल, पार्षद वीरेन्द्र पटेल एवं समाजसेवी फुलेल सिंह, महेश सिंह (एड.) व राजरूप सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान संचालक डॉ. सृष्टि ने बताया कि इस क्लीनिक में गरीब मरीजों का इलाज निःशुल्क किया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य कैंप लगाकर भी मरीजों की सेवा की जाएगी। रामकथा समिति के अध्यक्ष पाण्डेय ने कहा कि सही मायने में दुखी-पीड़ितों की सेवा ही समाजसेवा है, जिसका संकल्प यहां पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी राजराखन पटेल, बीके मिश्रा, एड. पवन तिवारी, महेन्द्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, विवेक पाण्डेय,विकास पटेल, सुधाकर द्विवेदी, बसंतलाल सिंह, समरबहादुर सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षक संघ सौंपेगा ज्ञापन

रीवा। व्यवसायिक प्रशिक्षक संघ आज विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के सिविल लाइन स्थित शासकीय आवास में ज्ञापन सौंपेगा। पिछले दस माह से वेतन न मिलने से व्यावसायिक प्रशिक्षक हड़ताल पर हैं। ज्ञापन के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षक वेतन भुगतान ,अन्य राज्यों की तरह नियमितीकरण की मांगों के निराकरण की मांग की जाएगी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित व्यवसायिक शिक्षा के सभी ट्रेडों के व्यवसायिक प्रशिक्षक इस दौरान उपस्थित रहेंगे।

# टीआरएस कॉलेज में नार्थ ईस्ट के विद्यार्थियों का भ्रमण



जागरण, रीवा। ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में नार्थ ईस्ट के विद्यार्थियों का भ्रमण हुआ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में असम से चिन्टू वैश्य, झेनस साइनस, नागालैण्ड से आदि एच आदम, व्हुरुंगम तथा रसेल देब्बरमा शामिल हुए। ऐसे आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को सार्थक करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं तथा विभिन्न राज्यों के बीच पारस्परिक समन्वय, सहयोग और प्रेम को बढ़ाने का कार्य करते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम का समापन भारत के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा गुवाहाटी में संपन्न होगा। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम नार्थ ईस्ट के छात्रों ने प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी से मुलाकात की। इन छात्रों नार्थ ईस्ट की सामाजिक सांस्कृतिक शैक्षणिक विशेषताओं को यहां के छात्रों से साझा किया। शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा की पुष्पांजलि तिवारी, तथा प्रियांशु तिवारी ने महाविद्यालय की गतिविधियों तथा रेवांचल की विशेषताओं से परिचित कराया। नार्थ ईस्ट के छात्रों ने महाविद्यालय में पुस्तकालय, क्रीड़ा,संगीत विभाग, रेडक्रॉस, एन.एस.एस. एन.सी.सी. विभाग का भ्रमण किया तथा अपने अनुभव साझा किया। डॉ. एस.पी. शुक्ल ने कहा कि इन प्रोग्रामों से जहां विद्यार्थियों को दूसरे राज्यों के सभ्याचारक, तकनीकी विभिन्नताओं का ज्ञान हासिल होता है, वहीं विद्यार्थियों में आपसी सहयोग, लीडरशिप,अनुशासन, एकता की भी भावना विकसित होती है। डॉ. शालिनी दुबे ने कहा कि इस कार्यक्रम से छात्रों में ज्ञान और संस्कृति का अदान-प्रदान हुआ है, जो कि विद्यार्थियों के लिए फायदेमंद साबित होगा। डॉ. अखिलेश शुक्ल ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे प्रोग्राम कराएं जाएंगे ताकि विद्यार्थियों के ज्ञान में बढ़ोतरी हो सके। कार्यक्रम में डॉ. नागेश त्रिपाठी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महाविद्यालय इकाई के अध्यक्ष स्वप्निल साहू, पशुपति नाथ पांडे, सतीश गुप्ता आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# सीबीएसई हाईस्कूल व हायर सेकण्ड्री बोर्ड परीक्षा 15 से

## जिले के 06 केन्द्रों पर होगी परीक्षा

### लगभग 4100 छात्र शामिल होंगे

जागरण, रीवा। सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंण्ड्री एजुकेशन (सीबीएसई) की हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री की बोर्ड परीक्षाएँ 15 फरवरी से शुरू हो रहीं हैं। बोर्ड परीक्षा के लिए रीवा जिले में 6 केन्द्र परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है। जिसमें सेन्ट्रल एकेडमी, केन्द्रीय विद्यालय क्र.1, ज्योति सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, सेक्रेट हार्ट स्कूल, नवोदय विद्यालय सिरमौर, सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल चाकघाट हैं। इसमें कक्षा बारहवीं से 1760 व दसवी से 2330 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें।

जिले के सिटी-कोर्डिनेटर डॉ. डी.के.पाठक ने बताया परीक्षा सुचारू रूप से करवाने हेतु हर परीक्षा केन्द्र पर एक-एक प्रेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में 24 विद्यार्थियों में 2 सहायक अधीक्षकों (पर्यवेक्षकों) की नियुक्ति की जायेगी। विद्यार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश-पत्र तथा स्कूल आई डी. कार्ड, पारदर्शी पाउच, पेंसिल बाक्स, ब्लू/ब्लैक पेन, रबर, पारदर्शी पानी बोतल, मास्क तथा हैंड सैनिटाइजर ले जाने की अनुमति होगी। प्रवेश-पत्र पर स्कूल प्राचार्य, पालकगण एवं विद्यार्थी के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र के पूर्व विद्यालय के प्राचार्य या केन्द्र अधीक्षक के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

### नियमित छात्रों को स्कूल यूनिफार्म अनिवार्य

नियमित छात्रों को स्कूल यूनिफार्म में आना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में सुबह 9 से 10 बजे के बीच एंट्री दी जाएगी। 10 बजे के बाद किसी भी बच्चें को परीक्षा केन्द्र में आने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा कक्ष में सुबह 09:45 बजे से 10 बजे के बीच प्रवेश मिलेगा। परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी। परीक्षा में प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए छात्रों को 10:00 बजे से 10:15 बजे तक 15 मिनट का समय दिया जाएगा। पेपर पैटर्न के विषय में जानने के लिए बोर्ड ने सभी विषयों के सैंपल पेपर जारी कर दिए थे।

# मानस भवन में शुरू हुई रामकथा

## पूर्व मंत्री एवं रीवा विधायक ने किया शुभारम्भ



रीवा। मानस मंडल मानस भवन द्वारा आध्यात्मिक श्रृंखला में तीन दिवसीय राम कथा के आयोजन का शुभारंभ सामूहिक सुंदरकांड पाठ प्रयागराज से आए कलाकारों ने बड़े ही सुंदर ढंग से पाठ किया। पाठ के समापन के बाद कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर राजेंद्र शुक्ला पूर्व मंत्री रीवा विधायक एवं रीवा राजघराने की युवरानी वसुंधरा राज लक्ष्मी, चिन्मय मिशन के महाराज केशवानंद ,पचमठा आश्रम के ब्रह्मचारी विजय शंकर महाराज , डॉक्टर ज्ञानवती अवस्थी व सुषमा शर्मा ने भगवान राम के चित्र एवं रामचरितमानस पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कथावाचक के रूप में सच्चा बाबा आश्रम प्रयागराज से पधारी संत करुणामयी मां एवं ज्ञानवती अवस्थी और उपस्थित संत महात्माओं का भी राजेंद्र शुक्ल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। उक्त अवसर पर मानस मंडल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे, डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ,संजय गांधी के पूर्व अधीक्षक डॉ सीबी शुक्ला , नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे, मानस मंडल के उपाध्यक्ष पीयूष त्रिवेदी ,प्रचार सचिव शिव शंकर दीक्षित ,गंगा नारायण अवस्थी , डॉ एच के पाण्डेय,राम मणि मिश्रा, बी के मिश्रा, प्रेम शंकर सिंह, राजेश भल्ला, राम कुमार शर्मा ,हीरालाल त्रिपाठी ,राजेश पांडे ,राजगोपालाचारी, रेवा शंकर अवस्थी, रमाकांत द्विवेदी ,इंनियर शेर बहादुर सिंह, हर्ष लाल शुक्ला, टिकरी सरपंच दिवाकर मिश्रा, लाल पांडे ,एडवोकेट पवन तिवारी एवं अन्य शहर के प्रबुद्ध जन मानस मंडल के सदस्य गण श्रद्धालु जन काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों ने रीवा विधायक को सौंपा ज्ञापन



रीवा। मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के बैनर तले शुक्रवार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, आगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने अपनी मांगो के निराकरण के लिए पूर्व मंत्री रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ल को सीएम के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा है। 22 सूत्रीय मांग पत्र में रिक्त पदो में आउट सोर्स भर्ती पर प्रतिबंध लगाने, भृत्य का नाम कार्यालय सहायक करने, पदोन्नति का समय से लाभ दिलाने, पुरानी पेंशन बहाल करने, अवकाश नकदीकर तीन सौ दिवस का लाभ , वर्दी धुलाई दो सौ प्रतिमाह करने, 6 वें वेतनमान विसंगति को दूर करने, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकों को शासन का कर्मचारी घोषित करने के साथ विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए मांग उठाई है। ज्ञापन सौंपते समय म.प्र.लघुकर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष के.सी त्रिपाठी सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल रहे।

## रमणीय



रीवाः जीएमएच व ओपीडी के बीच अस्पताल प्रबंधन द्वारा रमणीय पार्क बनाया गया है। यह पार्क हर समय हरा-भरा रहने के साथ ही फूल की सुगंध मरीज अटेंडरों को सुकून देती है।

# हुए कई उलटफेर, वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बाहर

## एमपी स्टेट सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट



रीवा। वेंकट क्लब में हो रही सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता के चौथे दिन कई उलटफेर देखने को मिले। मेन ड्रा प्रतियोगिता प्रारंभ हो गई है जिसमें क्वालीफाई किए हुए एवं पूर्व से वरीयता प्राप्त खिलाड़ी शामिल हुए। कई उदीयमान खिलाड़ियों ने उलटफेर कर दर्शकों को भौचक्का कर दिया। प्रथम वरीयता प्राप्त शिशिर द्विवेदी सतना को उलटफेर करते हुए धार के मयूर चौहान ने 21-17 21-19 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर किया। इसी प्रकार पूर्व उप विजेता एवं तीसरी वरीयता प्राप्त आजाद यादव को उलटफेर करते हुए जूनियर स्टेट चैंपियन उदय मुकाती ने 21-15 5-21 21-11 से हराकर बाहर किया। आदित्य ओम जोशी ने संजय गुप्ता को सांस रोकने वाले मैच में 16-21 21-12 21-19 से हराया। सारे मैचों में कांटे की टक्कर देखने को मिली। आज से क्वार्टर फाइनल मैच प्रारंभ होने जा रहे हैं जो प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक एवं शाम 6:00 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चलेंगे। विदित हो कि मैचों को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए जलगांव से नेशनल रेफरी ब्रिजेश दत्त गौर और कई राष्ट्रीय अम्पायर रीवा आए हुए हैं। टेक्निकल के रूप में विशेष रुप से शिशिर खरे सारे मैचों को संचालित कराएंगे। दर्शकों में विशेष रूप से जयंत सिंह अध्यक्ष बैडमिंटन संघ, उमेश सिंह, राजेश तिवारी, पम्मी सोनी, समर्थ सिंह, संजय चौहान सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# अंकसूची में मुख्य विषय न होने पर उम्मीदवारी समाप्त नहीं हो सकती

## हाईकोर्ट ने शासन को जारी की नोटिस

रीवा। माध्यमिक शिक्षक अंग्रेजी पद पर स्नातक के अंतिम वर्ष में अंग्रेजी मुख्य विषय नहीं होने को आधार बना कर उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया गया था। जिसके विरुद्ध याचिका दायर कर तर्क दिया गया की याचिकाकर्ता के पास भर्ती नियमों के तहत निर्धारित शैक्षणिक योग्यता है सरकार ने प्रशासनिक आदेश जारी करके भर्ती नियमों के विपरीत योग्यता निर्धारित की है। मामले की संज्ञान में लेते हुए न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी ने सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मागा है,साथ ही याचिका कर्ता को भविष्य में होने वाली काउंसलिंग में शामिल करने के लिए अदेशित किया है। उक्त याचिका रीवा के डभौरा निवासी देवी प्रसाद मिश्र ने दायर की थी वहीं अधिवक्ता नित्यानंद मिश्र ने मामले की पैरवी की।

## आज निकाली जायेगी शोभायात्रा

रीवा। शहर के प्रणामी मंदिर में प्रणामी जगत के जगतगुरु अनंत विभूषित श्री कृष्ण मणि जी महाराज नवतनपुरी धाम जामनगर गुजरात के सानिध्य में आज 11 फरवरी को शोभा यात्रा निकाली जायेगी। अगले दिन 12 फरवरी को प्रातः 7 श्री श्री 108 श्री चरण दास जी महाराज के समाधि में श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। श्री श्री 108श्री परमहंस गोपाल मणि जी महाराज एवं श्री श्री 108 श्री चरण दास जी महाराज जी को गादी में पधराउनी कराते हुए श्री 11 तारतम सागर का पारायण पाठ शुभारंभ करेंगे तथा प्रातः 9 वकिया रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे। आयोजक मंडल द्वारा आज 11 बजे कलश यात्रा में सभी को सम्मिलित होकर रात्रि प्रणामी मंदिर में विश्राम कर अगले दिन कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया गया है।

# लंबे समय से अटैच शिक्षक हुआ कार्यमुक्त भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ने की थी शिकायत

जागरण, रीवा। जिला शिक्षा अधिकारी गंगा प्रसाद उपाध्याय को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष कुंडलेश तिवारी ने लिखित आवेदन प्रस्तुत कर इस आशय की जानकारी दी है कि शासकीय प्राथमिक विद्यालय चोरहटा में पदस्थ अरुण कुमार सिंह, स.अ.को शासकीय प्राथमिक विद्यालय लखौरीबाग में लंबे समय से अटैच किया गया है। जबकि लखौरी बाग में पहले से ही अतिशेष शिक्षकों की भरमार है। उक्त शिक्षक अरुण सिंह का मकान लखौरी बाग के बगल में ही है, जहां वह महज हस्ताक्षर करने जाता है। साथ ही वह ठेकादारी और प्रापर्टी के काम पर अपना समय बिता रहा है। शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विकास खंड शिक्षा अधिकारी रीवा को उक्त अटैच शिक्षक को परीक्षा को दृष्टिकोण से तत्काल कार्यमुक्त किए जाने के निर्देश जारी किए और बीईओ अरुण कुमार सिंह स.अ. का अटैचमेंट समाप्त कर मूल पदांकित संस्था चोरहटा के लिए तत्काल कार्यमुक्त कर दिया है।


बिरला केबल लिमिटेड

MP BIRLA GROUP

पंजीकृत कार्यालय : उद्योग विहार, डाकघर-चोरहटा, रीवा - 486006 (म.प्र.)
CIN: L31300MP1992PLC007190
Telephone No: 07662-400580, Fax No: 07662-400680
Email: headoffice@birlacable.com; Website: www.birlacable.com

31 दिसंबर, 2022 को समाप्त हुई तिमाही एवं नौमाही अवधि के अनांकेक्षित एकांगी एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश

(लाख ₹ में)

| क्रमांक | विवरण | एकांगी तिमाही अवधि 31.12.2022 (अनांकेक्षित) | एकांगी तिमाही अवधि 30.09.2022 (अनांकेक्षित) | एकांगी तिमाही अवधि 31.12.2021 (अनांकेक्षित) | एकांगी नौमाही अवधि 31.12.2022 (अनांकेक्षित) | एकांगी नौमाही अवधि 31.12.2021 (अनांकेक्षित) | एकांगी वार्षिक अवधि 31.03.2022 (अंकेक्षित) | समेकित तिमाही अवधि 31.12.2022 (अनांकेक्षित) | समेकित तिमाही अवधि 30.09.2022 (टिप्पणी सं.1 देखें) (अनांकेक्षित) | समेकित नौमाही अवधि 31.12.2022 (अनांकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 19970.03 | 19933.79 | 14281.01 | 54689.42 | 37325.86 | 53544.73 | 19970.03 | 19933.79 | 54689.42 |
| 2 | समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 1117.24 | 1223.94 | 603.88 | 2716.83 | 1501.64 | 2923.52 | 1106.87 | 1218.85 | 2684.40 |
| 3 | कर के पूर्व समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 1117.24 | 1223.94 | 603.88 | 2716.83 | 1501.64 | 2923.52 | 1106.87 | 1218.85 | 2684.40 |
| 4 | कर के पश्चात समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 829.94 | 918.22 | 448.95 | 2053.10 | 1115.44 | 2173.71 | 819.57 | 913.13 | 2020.67 |
| 5 | समयावधि के लिए विस्तृत आय [ समयावधि के लिए लाभ (कर पश्चात) एवं अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात) को समावेशित करते हुए ] | 1417.81 | 1425.25 | 506.76 | 3187.14 | 1380.15 | 2122.75 | 1408.81 | 1420.63 | 3156.00 |
| 6 | समता अंश पूँजी (प्रति अंश अंकित मूल्य रु.10/- प्रति) | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 |
| 7 | आरक्षितियाँ (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़ कर) | | | | | | 15653.61 | | | |
| 8 | आधारभूत एवं तरलीकृत प्रति अंश आय (रु. 10/- प्रति अंश) (वार्षिककरण रहित) | 2.77 | 3.06 | 1.50 | 6.84 | 3.72 | 7.25 | 2.73 | 3.04 | 6.74 |

टिप्पणियां: 1. कम्पनी के अनांकेक्षित समेकित वित्तीय परिणाम कम्पनी की पूर्णस्वामित्व वाली सब्सिडरी कम्पनी बिरला केबल इंफ्रासोल्यूशन DMCC के अनांकेक्षित वित्तीय परिणाम सम्मिलित करने के बाद तैयार किये गये हैं, जिसमें कि कम्पनी ने 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त नौमाही अवधि में 139.84 लाख समता अंशों में निवेश किया है।

2. उपरोक्त विवरण 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही एवं नौमाही अवधि के अनांकेक्षित एकांगी एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश है जो कि सेबी के (दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची) अधिनियम, 2015 के नियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में फाईल किया गया है। उपरोक्त तिमाही एवं नौमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेब साईट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com एवं कम्पनी की वेब साईट www.birlacable.com पर भी उपलब्ध है।

कृते बिरला केबल लिमिटेड
(हर्ष वी. लोढ़ा)
चेयरमैन
डीन : 00394094
कोलकाता

दिनांक : 9 फरवरी, 2023



## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 12 फरवरी को रीवा में



रीवा- हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायराइड, सांस, दमा, बुखार आदि रोगों के मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. साबेन्द्र सिंह सिकरवार MBBS. MD. (जनरल मेडीसिन) कंसल्टेंट फिजिशियन जिला चिकित्सालय रीवा के द्वारा दिनांक 12 फरवरी दिन रविवार को समय सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक न्यू बस स्टैंड रीवा स्थिति कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एंड डायग्नोस्टिक ( कामता मेडिकल) समदड़िया कॉम्प्लेक्स में हृदय रोग, शुगर व मोटापा, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, लकवा, पेट का फूलना, पेट रोग, पीलिया, गैस, कब्जियत, अल्सर, हाथ पैर में झुनझुनाहट, चक्कर जैसा लगना, सांस फूलना, थायराइड, बात रोग, बार बार पेशाब का लगना, पेशाब में जलन, मूत्र रोग, डेंगू, मलेरिया, टायफाइड आदि बुखार, सिर दर्द, कमर दर्द, कमजोरी का लगना, खून की कमी होना,अस्थमा, स्वांस रोग, पोस्ट कोविड परेशानी, जोड़ो में दर्द होना आदि रोगों का निःशुल्क परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, शिविर में आये हुए रोगीयों का ब्लड प्रेशर, रेंडम ब्लड शुगर, बजन आदि की जांच निःशुल्क की जाएगी एवं श्ष्ष्ल व अन्य खून पेशाब की जाँच में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें।

Advt



## नागपुर के कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ भास्कर सिंह 12 फरवरी रविवार को रीवा में



HCG कैंसर हॉस्पिटल नागपुर के कैंसर सर्जन एवं कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ भास्कर सिंह MBBS, MS, FMAS, DNB (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) कंसल्टेंट सर्जन एवं कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट (ऑन्को सर्जरी) HCG कैंसर हॉस्पिटल नागपुर एवं पूर्व कंसल्टेंट वोकार्ड हॉस्पिटल नागपुर व अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इस्टीट्यूट हॉस्पिटल नागपुर के द्वारा दिनांक 12 फरवरी दिन रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 2 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/ डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, कैंसर से सम्बंधित बीमारियां जैसे स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, मुँह का कैंसर, स्वांस की नली का कैंसर, खाने की नली का कैंसर, अग्नाशय का कैसर, पित्त की थैली (गालब्लैडर)का कैंसर, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, छोटी बड़ी आँत का कैंसर, आमाशय का कैंसर, थायराइड कैंसर, मांसपेशियों का कैंसर व अन्य सभी प्रकार के कैंसर का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा। ओपीडी में आये हुए समस्त मरीजों हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान योजना, स्वास्थ बीमा लाभ योजना एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार के कर्मचारियों हेतु संचालित स्वास्थ्य लाभ योजना का भी नियम व शर्तों के साथ सुबिधा उपलब्ध है। डॉ भास्कर सिंह प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे रविवार को विगत दो वर्षों से कामता क्लीनिक रीवा में नियमित रूप से आपनी सेवाएं दे रहे हैं। क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, हॉल्टर, ABPM, डिजिटल एक्स-रे, पैथोलॉजी, (सभी प्रकार की जाँच थायराइड, हर्मोन्स, आदि) आदि जांचों की सुविधा भी उपलब्ध है अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें।

Advt.



## SGPGI लखनऊ के डायबिटीज एवं थायराइड रोग सुपर स्पेशलिस्ट 11 एवं 12 फरवरी को रीवा में



रीवा-SGPGI लखनऊ से डायबिटीज, थायराइड एवं हर्मोन्स रोग सुपर स्पेशलिस्ट, विंध्य प्रदेश (रीवा) में सेवायें देने वाले एकमात्र, इंडोक्रिनोलॉजिस्ट, हर्मोन इंडिया संस्थापक डॉ अजय शुक्ला MBBS, MD (मेडीसिन), DM (एंडोक्रिनोलॉजी×मेटाबॉलिज्म) SGPGI लखनऊ, MRCP SCE (UK) इंडोक्रिनोलॉजी, SCOPE सर्टिफिकेट ओबेसिटी एक्सपर्ट, वर्तमान कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष सहारा हॉस्पिटल लखनऊ दिनाँक 11 एवं 12 फरवरी दिन शनिवार व रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 02 बजे तक रीवा न्यू बस स्टैंड स्थिति कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक× डायग्नोस्टिक (कामता मेडिकल), A-ब्लॉक, समदड़िया कॉम्प्लेक्स में, डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड एवं हॉर्मोन्स से संबंधित बीमारियां जैसे लंबे समय से डायबिटीज व थायराइड से ग्रसित होना बहुत बार इलाज लेने के बाद भी आराम न लगना डायबिटीज के कारण अन्य परेशानी होना, बच्चों में डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड या हार्मोन्स की कमी या अधिकता, थायराइड की गांठ या अति दुबलापन, अत्यधिक मोटापा के कारण का पता लगाना व रोकथाम, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स आदि का बढ़ना, किडनी में बार बार पथरी का बनना, (मेटाबोलिक स्प्रोन स्टडी), प्यास का ज्यादा लगना, बार बार पेशाब का लगना, मासिक धर्म का अनियमित होना या न होना, बांझपन (निःसन्तानता), पोलोस्टिक ओवरी, स्त्रियों में अतिरोमिता, गैलोक्टरिया छाती से असमय स्राव, योवन संबंधी विकार समय से पहले या देर से आना, जनन अंगों के विकास सम्बन्धित रोग व हार्मोन्स की गड़बड़ी, पुरुषों में स्तन का बढ़ना, पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन की कमी, नपुंसकता निःसन्तानता, असमय बुढ़ापा आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ शुक्ला विगत 3 वर्षों से प्रत्येक माह दूसरे शनिवार व रविवार को नियमित रीवा में अपनी सेवायें दे रहे हैं और हजारों रोगियों का सफल इलाज कर चुके है, और विंध्य क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों को नहीं जाना पड़ रहा है, अधिक जानकारी के लिए कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें।

Advt.